दिन–शनिवार दिनांक– 09 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री के साथ पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली। राज्यपाल आर एन रवि ने मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ–साथ कई केंद्रीय मंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित थे।

——————————————————————

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना ने ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा की इन योजनाओं का उद्देश्य सभी को विशेष रूप से समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को किफायती वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सत्ताईस करोड़ से अधिक नामांकन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में अट्ठावन करोड़ और अटल पेंशन योजना में नौ करोड़ नामांकन हो चुके हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दस लाख दस हजार से अधिक परिवारों के इक्कीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक के दावों का निपटारा किया जा चुका है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत एक लाख चौरासी हजार से अधिक परिवारों के लगभग तीन हजार छह सौ साठ करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया गया है।

——————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा हो

रहा है। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने आज पटना व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत का उद्‌घाटन किया। लोक अदालतों में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जा रहे हैं। इस बार लोक अदालत में ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की भी सुनवाई हो रही है। नब्बे दिन से अधिक पुराने ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए अलग पीठ का गठन किया गया है।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर में सबसे अधिक इक्यावन दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। पटना में एक सौ पैंतीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज भी राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, बक्सर, गोपालगंज, रोहतास, सारण और सीवान जिले में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————

शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन शीघ्र प्रकाशित किये जाने की मांग को लेकर कल पटना में हुए विरोध प्रदर्शन के मामले में पांच हजार छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गांधी मैदान थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभ्यर्थियों पर ट्रैफिक बाधित करने, विधि व्यवस्था भंग करने और पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी करने का आरोप है।

———————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के ढाका प्रखंड अंतर्गत बड़हरवा फतेह मोहम्मद गांव में एक दुकान में आग लग जाने से दो बच्चों समेत तीन लोगों झुलसकर मौत हो गई। घटना में दो लोग घायल हो गए।

———————————————————

कटिहार रेलवे स्टेशन पर खीरे को हरे रंग में डुबोकर बेचने के वायरल हुए वीडियो के मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने महिला विक्रेता समेत नौ महिला हॉकरों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

आईआईटी, पटना परिसर में क्रिकेट खेलते समय करंट लगने से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक छात्र मुम्बई का रहने वाला था।

————————————————————————

वैशाली जिले के महनार–जनदाहा मुख्य मार्ग पर योगी बाबा स्थान के पास दो मोटरसाईकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।